CBSE Class 12 Shorthand (Hindi) 2015 - Set 200

Question Paper

Conducted by the Central Board of Secondary Education (CBSE)

Time Allowed: 2 Hours **Maximum Marks: 30**

General Instructions

(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिए गए हैं।

Questions

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अधिकतम 10 – 10 शब्दों में दीजिए :

(क) आशुलिपि की परिभाषा दीजिए ।

(ख) पढ़ना और करना से प्रेरणार्थक क्रियाएँ बनाकर उनके आशुलेख लिखिए ।

(ग) स्त लूप किस रुख़ से सरल रेखाओं पर लगाया जाता है ? उदाहरण सहित समझाइए ।

(घ) प्रत्यय जनक को किस व्यंजन रेखा से प्रकट किया जाता है ? उदाहरण दीजिए ।

(ङ) शन/षण हुक का प्रयोग कब नहीं किया जाता है ? उदाहरण दीजिए ।

(च) संक्षिप्ताक्षर किसे कहते हैं ? उदाहरण देकर समझाइए ।

2. दो स्थितियाँ बताइए जिनमें अर्द्धकरण नियम त वर्ग अथवा ट वर्ग व्यंजनों के लिए लागू होता है । प्रत्येक के दो-दो उदाहरण दीजिए ।

OR

2. रेखाओं पर काट का प्रयोग क्यों किया जाता है ? म, य तथा प रेखाओं से काट कर किन शब्दों को प्रकट करते हैं ? उदाहरण दीजिए ।

3. दुगुनी रेखाओं के अंत में हुक लगने पर तर, दर आदि की ध्वनि अंत में पढ़ी जाती है या हुक से पहले ? दो उदाहरण देकर बताइए ।

4. वाक्यांश से आप क्या समझते हैं ? क्या वाक्यांश निर्माण करते समय स्वर संकेत आवश्यक है ? उदाहरण देते हुए समझाइए ।

5. उपसर्ग और प्रत्यय में क्या अन्तर है ? नव तथा आत्म उपसर्गों का प्रयोग करते हुए तीन-तीन शब्द बनाइए और उनके आशुलेख दीजिए ।

6. विलोम शब्द क्या होते हैं ? ऐसे कोई पाँच शब्द व उनके आशुलिपि प्रारूप लिखिए ।

7. निम्नलिखित शब्दों को आशुलिपि में लिखिए :

(क) सभापति महोदय

(ख) अखिल भारतीय सेवा

(ग) केन्द्रीय शासन

(घ) संघ लोक सेवा आयोग

(ङ) राष्ट्रपति का सचिवालय

8. निम्नलिखित शब्दों को आशुलिपि में लिखिए :

(क) बीस लाख

(ख) क्रय-विक्रय

(ग) थोड़ा-थोड़ा

(घ) शनिवार

(ङ) काश्मीर

9. निम्नलिखित वाक्यों को आशुलिपि में लिखिए :

(क) कुछ कहना चाहता हूँ

(ख) राज्य सभा में

(ग) त्याग करना चाहिए

(घ) मुख्य उद्देश्य

(ङ) नहीं हो रहा है

- End of Question Paper -